सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 186 | इंदौर, सोमवार 20 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## चीन और पाकिस्तानी मिसाइलों की खैर नहीं

### भारत लगा रहा महाशक्तिशाली रूसी रेडार

## 8000 किमी तक सूंघने की ताकत



**मास्को/नई दिल्ली।** चीन और पाकिस्तान दोनों ही पड़ोसी देश बड़े पैमाने पर परमाणु मिसाइलों का निर्माण कर रहे हैं। अपने दोनों ही पड़ोसी दुश्मनों को मात देने के लिए अब भारत ने कमर कस ली है। भारत कर्नाटक में चालकेरे के अंदर बने डीआरडीओ के कैंपस में रूस का महाशक्तिशाली रेडार वोरोनेझ लगा रहा है। इस रूसी रेडार वोरोनेझ की रेंज 8000 किमी तक है और इसे 10000 किमी तक बढ़ाया जा सकता है। यह रूसी रेडार कर्नाटक में लगाए जाने के बाद भी पूरे पाकिस्तान और चीन तक निगरानी करने में माहिर है। यह रूसी रेडार बलिस्टिक मिसाइल, स्टील्थ एयरक्राफ्ट और विभिन्न तरह के हवाई खतरों का बहुत जल्दी पता लगाने और उसका करारा जवाब देने की क्षमता से लैस है। कर्नाटक से चीन के बीच दूरी 1800 किमी है लेकिन यह रेडार अपनी 8 हजार किमी तक सूंघने की ताकत की वजह से वहां तक निगरानी करने में सक्षम है। यह रूसी रेडार विभिन्न वेबबैंड पर काम करने में सक्षम है। इस वजह से यह विभिन्न भूमिका में काम करने में सक्षम है। यह रूसी रेडॉर एक के बाद एक सैकड़ों लक्ष्यों को ट्रैक करने में सक्षम है। भारत इसकी मदद से दुश्मन की आने वाली मिसाइलों का रियल टाइम पता लगा सकेगा और अपने एयर डिफेंस सिस्टम से उसे तबाह करने में सक्षम होगा। भारत इससे देश के लिए एक व्यापक सुरक्षा कवच तैयार कर सकेगा।

## एमपी में इस सप्ताह शीतलहर से राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस सप्ताह शीतलहर नहीं चलेगी। अगले 3 दिन प्रदेश के ग्वालियर, चंबल और रीवा संभाग में मध्यम से घने कोहरे का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में रात के टेम्प्रेचर में गिरावट जारी रहेगी। आज सोमवार को भोपाल-इंदौर में धूप खिली है। सर्दी से भी राहत है। हालांकि, सुबह ग्वालियर, दतिया, श्योपुर, मुरैना, भिंड, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा छाया रहा।

# मप्र के 7000 छात्र दिवालिया घोषित

## सरकार को चुकाना पड़ा एक का कर्जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा के लिए कर्ज लेने वाले करीब 7,000 छात्र डिफॉल्टर हो गए हैं। यह चौंकाने वाला आंकड़ा 2019-20 से 2023-24 के बीच का है। इस दौरान 73,504 छात्रों ने उच्च शिक्षा के लिए बैंकों से कर्ज लिया था। नौकरी न मिल पाना भी डिफॉल्टर होने का मुख्य कारण बताया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि प्रदेश में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या अशिक्षित बेरोजगारों से कहीं ज्यादा है।

### गंभीर समस्या बन रही बेरोजगारी

मध्य प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। खासकर उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हैं। इसका सीधा असर शिक्षा ऋण चुकाने की उनकी क्षमता पर पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच सालों में 73,504 छात्रों ने उच्च शिक्षा के लिए बैंकों से कर्ज लिया। इनमें से 7,294 छात्र कर्ज चुकाने में असमर्थ रहे और उन्हें डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया।

### तो इसलिए बने डिफॉल्टर!

बैंक अधिकारियों का कहना है कि नौकरी न मिल पाना डिफॉल्टर होने का सबसे बड़ा कारण है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। इससे वे कर्ज का बोझ उठाने में असमर्थ हो रहे हैं। यह स्थिति उनके भविष्य के लिए चिंताजनक है।

### रिपोर्ट में आंकड़ों का खुलासा

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले



पांच सालों में 395 छात्रों ने एक करोड़ रुपये से ज्यादा का शिक्षा ऋण लिया। यह दर्शाता है कि उच्च शिक्षा कितनी महंगी होती जा रही है। अगर नौकरी न मिले तो यह कर्ज एक बड़ा बोझ बन सकता है।

### एक छात्र की पढ़ाई के दौरान मौत

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 20 नवंबर 2024 तक मध्य प्रदेश के रोजगार पोर्टल पर 26,17,945 बेरोजगार पंजीकृत थे। पिछले एक साल में निजी क्षेत्र में केवल 58,351 युवाओं को ही रोजगार मिला है। यह आंकड़ा बताता है कि रोजगार सृजन की गति बेरोजगारी की बढ़ती दर के मुकाबले बहुत धीमी है। रिपोर्ट में एक दुखद घटना का भी जिक्र है। एक छात्र अमित खातरकर की पढ़ाई के दौरान मृत्यु हो गई। उसका शिक्षा ऋण नौ लाख 82 हजार 567 रुपये था, जिसे राज्य सरकार ने अनुदान देकर चुकाया।

### चुकाने पर हट जाएगा डिफॉल्टर लिस्ट में से नाम

एक आम धारणा है कि डिफॉल्टर होने पर छात्र भविष्य में बैंक से कर्ज नहीं ले सकता। लेकिन ऐसा नहीं है। अगर छात्र नौकरी लगने के बाद बैंक का कर्ज चुका देता है, तो उसका नाम डिफॉल्टर की सूची से हटा दिया जाता है। वह भविष्य में फिर से कर्ज लेने के लिए पात्र हो जाता है। इसके लिए उसका सिबिल स्कोर देखा जाता है। कई बार बैंक छात्रों को विभिन्न योजनाओं के तहत रियायतें भी देते हैं।

### पढ़े लिखे बेरोजगारों की संख्या ज्यादा

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मध्य प्रदेश में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या अशिक्षित बेरोजगारों से ज्यादा है। 2024 में 52,017 अशिक्षित बेरोजगार थे, जबकि 25,30,742 शिक्षित बेरोजगार थे। यह आंकड़ा शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को दर्शाता है

# महाकुंभ 2025 की व्यवस्था में जुटे संगठनों और स्टार्टअप का उज्जैन में होगा सम्मेलन, सरकार की तैयारी शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने धार्मिक नगरी उज्जैन में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी हैं। सिंहस्थ महाकुंभ में लगभग 15 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसकी व्यवस्था के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रयागराज और हरिद्वार में कुंभ की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर सिंहस्थ में भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिए ड्रोन सर्वेक्षण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाओं में संलग्न कंपनियों और स्टार्टअप्स को बुलाकर उज्जैन में एक सम्मेलन कराया जाएगा।

सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की संभावित भारी संख्या में आमद को ध्यान में रखते हुए संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कि योजना है कि उज्जैन और इंदौर को सिंहस्थ के मुख्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां परिवहन, जल आपूर्ति, सीवेज सिस्टम और अन्य आवश्यक सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित



किया जा रहा है। महाकुंभ 2025 की व्यवस्था में जुटे संगठनों और स्टार्टअप का उज्जैन में सम्मेलन आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ के प्रत्येक पहलू के प्रभावी प्रबंधन के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की महत्ता पर जोर दिया है। इसमें धर्मशालाओं का उन्नयन और निर्माण कार्यों के दौरान उज्जैन, इंदौर और देवास जिलों में स्वच्छता के साथ ही हरियाली में सुधार शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ आयोजन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागीय कार्यों को समय-सीमा में पूरा किए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी कार्यों की प्रगति की पाक्षिक समीक्षा हो रही है। वरिष्ठ अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर इनकी सतत निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं के उज्जैन और इंदौर जिलों में निर्माण कार्य और मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन के लिए टेंडर प्रक्रिया मार्च 2025 तक पूरी कर सभी आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर सितंबर 2025 तक पूरे कर लिए जाएं।

## गंदगी देखकर भड़के निगमायुक्त

# एनजीओ पर पैनल्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रविवार को इंदौर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा एकाएक एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) पर पहुंच गए। निर्माणाधीन एसटीपी की क्वालिटी भी चैक की। वे जब शहर की गलियों से गुजरे तो एक जगह गंदगी देखकर गाड़ी रोक दी। उन्होंने गली में कचरा और गंदगी देखकर स्वच्छता का काम करने वाले एनजीओ पर पैनल्टी ठोक दी। वहीं यहां स्वच्छता के लिए जिम्मेदार निगम दरोगा का वेतन काटने के निर्देश भी दिए।**



निगमायुक्त रविवार को सबसे पहले आयुक्त लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहे स्थित गुटकेश्वर मंदिर के पास एसटीपी प्लांट के लिए चयनित स्थान का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहां निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद वे अरविंदो अस्पताल के पास पहुंचे। यहां उन्हें नाले में कचरा और गंदगी दिखी। इस पर वे नाराज हुए। उन्होंने एनजीओ संस्थान एचएमएस पर पांच हजार रूपए की पैनाल्टी लगाने और क्षेत्रीय दरोगा वार्ड क्रमांक 18 के गोपाल ऊंटवाल का पांच हजार रूपए का वेतन काटने के निर्देश दिए। यहां आयुक्त भौरासला स्थित तालाब और यहां के सौंदर्यीकरण व विकास कार्य का दौरा करने पहुंचे। उन्होंने तालाब क्षेत्र में किए जा रहे कामों को जल्द पूरा करने के लिए कहा, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द सुविधाएं उपलब्ध करा सके। आयुक्त ने कबीट खेड़ी में बन रहे एसटीपी प्लांट का भी दौरा किया। यहां चल रहे कामों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण काम में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा। आयुक्त ने कहा कि शहर के विकास और स्वच्छता के लिए एसटीपी प्लांट और जलस्त्रोतों का संरक्षण बहुत जरूरी है। नगर निगम इन कामों को प्राथमिकता के साथ पूरा करेगा। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अधीक्षण यंत्री विवेश जैन, संबंधित झोनल अधिकारी नदीम खान, अतीक खान, नरेंद्र कुरील और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# देह का आत्मा हो जाना लघुकथा है : डॉ. दवे

## विचार प्रवाह साहित्य मंच ने लघुकथा अधिवेशन आयोजित किया

◆ पांच वरिष्ठ लघुकथाकार हुए सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लघुकथा जीवंत विधा है, इसका साहित्य में कोई विकल्प नहीं है। देह का आत्मा हो जाना लघुकथा है। यह बात साहित्य अकादमी, मप्र के निदेशक डॉ. विकास दवे ने कही। आप विचार प्रवाह साहित्य मंच द्वारा रविवार को इंदौर प्रेस क्लब सभागृह में आयोजित तृतीय लघुकथा अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे। सत्र के मुख्य अतिथि वरिष्ठ लघुकथाकार डॉ. पुरुषोत्तम दुबे ने लघुकथा विधा में मप्र और इंदौर के योगदान का जिक्र करते हुए इंदौर को लघुकथा का इंद्रप्रस्थ बताया। स्वागत भाषण सुषमा दुबे, संस्था परिचय अर्चना मंडलोई ने दिया। संचालन मुकेश तिवारी ने किया। आभार यशोधरा भटनागर ने माना। इस मौके पर वरिष्ठ लघुकथाकार श्री सतीश राठी (इंदौर) श्री घनश्याम मैथिल (भोपाल), श्रीमती ज्योति जैन (इंदौर), डॉ. वसुधा गाडगिल (इंदौर) और श्रीमती सुनीता प्रकाश (भोपाल) को सम्मानित किया गया। अधिवेशन में लघुकथा में सकारात्मकता विषय पर हुए चिंतन सत्र में लघुकथा शोध केंद्र की निदेशक श्रीमती कांता राय ने कहा कि सकारात्मकता साहित्य में इत्र के समान है। साहित्य है तो वह नकारात्मक हो ही नहीं सकता, उसमें सकारात्मकता होती ही है। सत्र को



वरिष्ठ लघुकथाकार श्रीमती मीरा जैन, श्री संतोष सुपेकर और श्री देवेंद्र सिंह सिसौदिया ने भी संबोधित किया। सत्र संचालन डॉ. सोनाली सिंह ने किया। आभार सुषमा व्यास राजनिधि ने माना।लघुकथा पाठ और पुरस्कार वितरण सत्र की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ लघुकथाकार डॉ. योगेंद्रनाथ शुक्ल ने कहा कि साहित्य हृदय परिवर्तन की ताकत रखता है। सत्र को वरिष्ठ लेखिका माया बदेका, वरिष्ठ लघुकथाकार घनश्याम मैथिल ने भी संबोधित किया। सत्र संचालन डॉ. आरती दुबे ने किया और आभार डॉ. दीपा मनीष व्यास ने माना। मंच पर वरिष्ठ लेखिका माधुरी व्यास और डॉ. प्रणव श्रोत्रिय भी मौजूद रहे।

# वन नेशन वन इलेक्शन टीम में इंदौर महापौर प्रदेश सह संयोजक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव को नई जिम्मेदारी मिली है। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया गया है। इसके लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव को सह संयोजक बनाया गया है। रविवार को ही महापौर पुष्यमित्र भार्गव को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। भार्गव ने बताया कि अलग-अलग प्रदेशों के लिए इस तरह की टोलियां का गठन किया गया है। देशभर की टोलियां बहुत जल्दी दिल्ली में एक संयुक्त बैठक कर आगे की कार्ययोजनाओं पर मंथन करेंगी। टोलियों को मुख्य रूप से वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जनजागरूकता फैलाने, आमजन से इस बारे में सुझाव लेने, प्रबुद्धजन से चर्चा करके की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टोलियां लोगों को यह समझाने का प्रयास करेगी कि वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में कितना कारगर है और भविष्य में इसके लागू होने पर आमजन को क्या फायदा होगा। रविवार को बीजेपी ने एक लेटर जारी किया गया। इसमें लिखा है भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वी.डी. शर्मा ने वन नेशन वन इलेक्शन के लिए प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया गया है। इसमें रोहित आर्य सेवानिवृत्त न्यायाधीश को संयोजक बनाया गया है। वहीं महापौर पुष्यमित्र भार्गव को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।



# सभी शासकीय सेवकों की प्रोफाइल समग्र आईडी एवं आधार से होगी लिंक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वित्त विभाग द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) के अंतर्गत उपलब्ध शासकीय सेवकों की जानकारी समग्र आईडी तथा आधार से लिंक होगी। वेतन का भुगतान, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। आग्रह किया गया है कि जिले के समस्त शासकीय सेवक अपने प्रोफाइल का समग्र आईडी से अविलंब सत्यापन कराएं। सॉफ्टवेयर में उपलब्ध ईएसएस लिंक के माध्यम से समग्र आईडी की प्रविष्टि का कार्य किया जा सकता है। इसके अलावा अपनी समग्र आईडी को आधार से लिंक कराना भी आवश्यक है।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुश्री मोनिका कटारे ने बताया कि समस्त शासकीय सेवक का दायित्व होगा कि वह आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा अपनी समग्र आईडी का पंजीयन/अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिस बैंक खाते में वेतन प्राप्त हो रहा है, उस बैंक खाते को आधार से भी लिंक कराया जाये। समस्त बजट नियंत्रण अधिकारी/आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे अपने कार्यालय के सभी शासकीय सेवकों का यह कार्य 28 फरवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से हो जाये। प्रथम चरण में यह कार्य नियमित शासकीय सेवकों को करना होगा। समग्र आईडी बनवाने/अद्यतन करवाने/सुधार करवाने संबंधी जानकारी https://samagra.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

# टॉपर दीपिका के दोस्तों ने 'डिप्टी कलेक्टर' के नाम से कर रखा था नंबर सेव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी दीपिका पाटीदार की कहानी भी दसवीं फेल फिल्म के किरदार जैसी है। पांच बार उन्होंने असफलता का स्वाद चखा और फिर सफलता ने आखिरकार उनका मुंह मीठा कराया। सीधे टॉपर का सेहरा बंधा।**



अब वे डिप्टी कलेक्टर बनेगी। दीपिका कहती है कि एमपीपीएस परीक्षा के लिए बांधना तो पड़ता है, कई पारिवारिक आयोजन छोड़ना पड़ते है, लेकिन जो मेरे जीवन में जरुरी थे। मेरे अभिभावक, मेरे दोस्तों के लिए हमेशा मैने भरपूर समय रखा। वे ही मेरा स्पोर्ट सिस्टम थे। तैयारी के दौरान कई बार लगता था कि मैं नहीं कर पाऊंगी, मायूस हो जाती थी, तो अपने ही हौसला देते थे। उनसे हमेशा जुड़े रही। दीपिका कहती है कि जब भी रिजल्ट आता था और मेरा नाम लिस्ट में नहीं आता था तो मैं उनको फोन लगाती थी। दोस्त कहते थे। कोई बात नहीं फिर कोशिश कर, हो जाएगा। उन्हें मुझ पर भरोसा था। मेरे जितने भी खास दोस्त थे, उन्होंने मेरा नंबर नक्सट डीसी (डिप्टी कलेक्टर) के नाम पर सेव कर रखा था।असफलता के बाद जब भी मैं निराश हो जाती थी तो वे मुझे मेरे मेरे नाम का स्क्रीन शॉट भेजते थे। वे हमेशा कहते थे कि देखना एक दिन तुम कर सफल जरुर होगी। मैं टॉपरों की टेस्ट की कॉपियां देखती थी। वे कैसा लिखते है, उनका क्या तरीका होता है। इस तरह मैने तैयारी की। सबके भरोसे ने मेरा हौसला बढ़ाया और मैने टॉप किया। दीपिका कहती है जो भी इस परीक्षा में सफल होना चाहते है, उनके लिए मेरी टिप्स है कि वे खुद पर और भगवान पर भरोसा रखे। निरंतर प्रयास रखे। मैं वो उदाहरण हुं। जिसने लगातार असफलता देखी, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। मध्यप्रदेश के छोटे से गांव जामगोद की दीपिका ने कभी नहीं सोचा था कि वह राज्य सेवा परीक्षा की टॉपर बनेगी। दीपिका बताती है कि मैं तो इंदौर में सिर्फ कॉलेज में पढ़कर शिक्षित होना चाहती थी। मेरी एक सहेली ने मुझे प्रेरणा दी। उनसे कहा कि एक परीक्षा होती है जिसमे पास हो जाए तो बड़े अधिकारी बनते है। बस उसके बाद से मैने राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की। वर्ष 2018 में मेरी उस सहेली का सिलेक्शन हो गया था। उसने लगातार मेरी हिम्मत बढ़ाई।

# चलते टैंकर से गैस का रिसाव, ट्रैफिक डायवर्ट



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। रविवार को एक चलते टैंकर से लिक्विड अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। इससे वहां मौजूद लोगों की आंखों और हाथ-पैरों में जलन होने लगी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों तरफ से रास्ता बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया।**

घटना तेजाजी नगर बायपास की है। गैस को वातावरण में फैलने से रोकने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम पानी डाल रही है। हरि प्रभु गैस रिफ्लेक्शन लिमिटेड के टैंकर में एक्यूमस अमोनिया गैस भरी थी। पुलिस के मुताबिक ड्राइवर यहां टैंकर किन परिस्थितियों में छोड़कर गया है। इसकी जांच की जा रही हैं। बायपास पर उसी रूट से जाने वाले वाहन अभी भी खड़े हैं। कंपनी के टेक्नीशियन को मौके पर बुलवाया गया है। वह आकर लीकेज बंद करेगा। तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि घटना शाम 4 बजे के बाद की है। टैंकर पीथमपुर की एक कंपनी से एक्वा लिक्विड अमोनिया केमिकल भरकर ग्वालियर जा रहा था। जैसे ही सेज यूनिवर्सिटी के पास पहुंचा, उसमें रिसाव शुरू हो गया।

# इंदौर की नहीं, महेश्वर की रहने वाली है हसीन आंखों वाली मोनालिसा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। महाकुंभ प्रयागराज में खूबसूरत आंखों के जरिए वायरल गर्ल मोनालिसा मध्य प्रदेश के महेश्वर की रहने वाली है। वह अपने कई वीडियो में खुद को इंदौर का बता रही है, पर उसके पीछे भी अलग वजह है। वहीं मोनालिसा की कुंभ से मप्र लौटने की खबर भी झूठी निकली है, इसकी पुष्टि उसके भाई जय भोसले ने की है।



बता दें कि वायरल गर्ल मोनालिसा महेश्वर में की रहने वाली है। मोनालिसा का पूरा परिवार कई सालों से रह रहा है। फिलहाल तो सभी लोग महाकुंभ में गए हैं, पर घर पर उसके दादा रहते हैं। दादा लक्ष्मण भोसले बताते हैं कि वे यहां कई वर्षों से रह रहे हैं। घर की ओर इशारा करते बताते हैं कि मोनालिसा का घर ये है और वो मेरी पोती है। मैं उसका दादा हूं। मोनालिसा की बात करते हुए उन्होंने चिंता भी जताई कि बच्ची वहां परेशान है। कोई उसे माला बेचने भी नहीं दे रहा, हर कोई कैमरा लेकर उसके पीछे लगे रहते हैं, उससे वो परेशाना है। उसके पिता जय सिंह भोसले उसे दिलासा दे रहे हैं कि वे उसे मप्र वापस ले चलते हैं। दादा ने बताया कि मोनालिसा सहित पूरा परिवार माला बेचने का काम करते हैं। नदियों से सीप से मोती निकालकर भी माला बनाते हैं, वहीं असली रुद्राक्ष की माला भी वो बेचते हैं, जो नेपाल से लाए जाते हैं। मोनालिसा समेत पूरा परिवार बड़े-बड़े मेलों में जाकर मालाएं बेचते हैं, महीनों वहीं रहते हैं। मोनालिसा के पिता जय सिंह भोसले ने बताया कि उसकी तबीयत थोड़ी ठीक नहीं है, उसे अस्पताल ले जाना चाहते हैं। वो थोड़ी घबरा रही है। मीडिया वाले घेरकर खड़े रहते हैं। इसलिए कह दिया था कि उसे मप्र वापस भेज रहे हैं, हालांकि वो अभी कुंभ में ही है। प्रयागराज के महाकुंभ मेले में आध्यात्मिकता और भक्ति के बीच, एक साधारण माला विक्रेता अपने अप्रत्याशित आकर्षण से लोगों खींच रही है। इंदौर की इस युवती, जिसे लोग प्यार से 'मोनालिसा' कह रहे हैं। मोनालिया ने अपनी खूबसूरती और खास अंदाज के चलते महाकुंभ 2025 से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। मोनालिसा की अचानक सोशल मीडिया पर लोकप्रियता के कारण उनके कई वीडियो बनाए गए। उनकी खूबसूरती चर्चा का विषय बन गई, जिससे उनके आने का उद्देश्य ही खत्म हो गया। लगातार ध्यान और वीडियो रिकॉर्डिंग मोनालिसा के लिए भारी पड़ गई, जिसके कारण उन्होंने महाकुंभ मेला बीच में छोड़कर जाने की खबरें सामने आई थीं।

**इंदौर की बेटी ने राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग में रचा इतिहास**

# 14 राज्यों की प्रतिभागियों को पछाड़कर वंदना ठाकुर ने जीता गोल्ड मेडल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित 16वीं सीनियर पुरुष व महिला राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में इंदौर की वंदना ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। महिला बॉडी बिल्डिंग वर्ग में 14 राज्यों की प्रतिभागियों को पछाड़कर वंदना ने यह उपलब्धि हासिल की। वंदना के इंदौर लौटने पर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा उनका विशेष अभिनंदन किया जाएगा।**



वंदना का यह प्रदर्शन कोई आश्चर्य नहीं है। पिछले वर्ष भी उन्होंने विश्व बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में रजत पदक और एशिया बॉडी बिल्डिंग में कांस्य पदक जीता था। उनकी इसी उपलब्धि को देखते हुए इंदौर नगर पालिक निगम ने उन्हें स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था। प्रतियोगिता के दौरान वंदना ने गर्व से इस बात का उल्लेख भी किया। इस सफलता में वंदना के कोच अतिन तिवारी और गीतांजलि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मध्य प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें देवास के यश ठाकुर ने पांचवां और भोपाल के अल्ताफ ने चौथा स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश सौष्ठव संस्था के प्रेम सिंह यादव, जितेंद्र कुशवाहा, शैलेंद्र व्यास, रोहित जेठवा और कुलदीप त्रिवेदी भी टीम के साथ मौजूद रहे।

# स्वच्छता की तारीफ करते हुए एक्ट्रेस भाग्यश्री बोलीं

## 'मुंबई को भी मौका दीजिए, नहीं तो सांस लेने इंदौर आना पड़ेगा'

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। एक्ट्रेस भाग्यश्री रविवार को इंदौर में एक ज्वेलरी शोरूम का उद्घाटन करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में इंदौर की तारीफ करते हुए कहा कि, इंदौर स्वच्छता में लगातार आगे बढ़ रहा है। अब तो मुंबई को भी कभी-कभी आगे बढ़ने दीजिए, नहीं तो हमें सांस लेने के लिए इंदौर आना पड़ेगा।

भाग्यश्री ने इंदौर को एक प्यारा शहर बताते हुए कहा कि, यहां के लोग बेहद अच्छे हैं। उन्होंने इंदौर के पोहे और खानपान की कई चीजों की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मैं यहां की खाऊ गली (सराफा बाजार) जरूर जाऊंगी। आप मुझे



महीने में एक बार बुलाइए, तो मैं जरूर आऊंगी।' एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर भाग्यश्री ने कहा कि, इस घटना से सभी को टेंशन हो गई है। वहीं, सलमान खान को मिली धमकी पर चुटकी लेते हुए उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'यह धमकी मैंने तो नहीं दी।'

# क्राइम ब्रांच के बाद अब व्यापारियों को कलेक्टर से उम्मीद

**इंदौर। क्राइम ब्रांच में गुहार लगाने के बाद अब इंदौर के मोबाइल व्यापारियों को इंदौर कलेक्टर से उम्मीद है। सोमवार को मोबाइल व्यापारी कलेक्टर आशीष सिंह से मिलेंगे। वे खाता अनफ्रीज कराने की गुहार लगाएंगे। पिछले कई दिनों से इंदौर के कुछ मोबाइल व्यापारी खाते फ्रीज होने से परेशान है। साइबर फ्रॉड का पैसा खाते में आने से कई मोबाइल व्यापारियों के खाते फ्रीज हो चुके है। अब न तो वो व्यापार कर पा रहे है न ही जरूरत की चीजें ले पा रहे है। कलेक्टर से दरकार लगाने के बाद व्यापारी आगे की रणनीति तैयार करेंगे।**

इंदौर के मोबाइल व्यापारी हीरालाल थारवानी का सीसी अकाउंट साइबर फ्रॉड का पैसा आने से फ्रीज हो गया। तीस लाख रुपए, घर की रजिस्ट्री अटक गई। खाता फ्रीज होने की बात उन्होंने जेल रोड व्यापारी संघ पदाधिकारियों को



बताई, तो पता चला कि उनके जैसे एक दर्जन से ज्यादा व्यापारी ऐसे है जिनके खाते भी छोटी-छोटी रकम के कारण फ्रीज हो गए है। व्यापारियों की समस्या जानकर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजकुमार शर्मा व्यापारियों के साथ क्राइम ब्रांच पहुंचे। यहां उन्होंने क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया से बात की और व्यापारियों की समस्याएं बताई। साथ ही ये भी बताया कि खाते फ्रीज होने से व्यापारियों को व्यापार करने, घर चलाने में दिक्कत आ रही है। एडिशनल डीसीपी ने उन्हें आश्वासन दिया और सभी पीड़ित व्यापारियों के डॉक्यूमेंट्स लाने को कहा।व्यापारियों की इस बढ़ती हुई समस्या को देखते हुए व्यापारी संघ ने व्यापारियों के साथ बैठक की। जिसमें आगे किस तरह से इस समस्या से निपटना है उस पर बात की। कई व्यापारी ऑनलाइन पेमेंट लेने के विरोध में है। कई व्यापारियों ने मार्केट तक बंद करने की बात रखी, लेकिन पदाधिकारियों ने बैठक में सभी की बातें सुनकर निर्णय लिया कि वे पहले वे इस मामले में कलेक्टर आशीष सिंह से चर्चा करेंगे उसके बाद ही आगे की रूपरेखा तैयार करेंगे।

# हर हाल में रोकेंगे आदिवासियों का धर्मांतरण बोले धीरेंद्र शास्त्री

## दिलाए तीन संकल्प, बनाएंगे हर मोहल्ले में हनुमान चालीसा बागेश्वर मंडल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। रविवार को बागेश्वर धाम में आदिवासी जन जागृति सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान धीरेन्द्र शास्त्री ने आदिवासियों के धर्मांतरण को रोकने के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंनें हर जिले, गाँव और मोहल्ले के लिए हनुमान चालीसा बागेश्वर मंडल बनाने का ऐलान किया है। साथ ही आदिवासी समुदाय के हजारों लोगों को सनातन धर्म से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।**



धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि, "मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा समेत कई राज्यों में ईसाई मिशनरियों या कुछ धर्म विरोधी ताकतों द्वारा जंगलों और गाँव में जाकर आदिवासियों का धर्मांतरण का मामला सामने आया है। यदि हमे हिन्दू राष्ट्र बनाना है तो हिंदुओं का धर्मांतरण रोकना होगा। आदिवासी हमारे परिवार से अभिन्न अंग हैं।" बागेश्वर बाबा ने कहा कि,"हम एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। जिसमें अलग-अलग जिले और राज्यों के आदिवासी भाई-बहनों को तीन संकल्प दिलाएंगे। पहला संकल्प हर हाल में धर्मांतरण की लड़ाई लड़ने का होगा। दूसरा संकल्प आदिवासी समाज को जागरूक करके शिक्षा पर जोर देने और हिन्दू धर्म का प्रचार करने का होगा।" उन्होंनें कहा "गाँव और मोहल्ले में हनुमान चालीसा बागेश्वर मंडल बनाने का संकल्प भी दिलाएगा जाएगा। ताकि जब भी हिंदुत्व को बचाने की जरूरत पड़े हनुमान चालीसा बागेश्वर मंडल के श्रद्धालु और सदस्य एक साथ सड़कों पर उतरने के लिए तैयार होंगे। इसमें आदिवासियों की अहम भूमिका होगी। क्योंकि वे धर्मांतरण का सॉफ्ट टारगेट हैं।"धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि, "26 फरवरी को 251 हिन्दू बेटियों का विवाह करवाया जाएगा। जिसमें 108 आदिवासी बेटियों को शामिल करने का संकल्प लिया गया है। जिन लड़कियों के माता-पिता नहीं हैं, उनका रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा। विवाह का सारा खर्चा बागेश्वर धाम उठाएगा।" उन्होंनें यह भी कहा कि, "पूरे देश के आदिवासी परिवारों को एक करेंगे। उन्हें हिन्दू होते हुए समाज से दूर और भारत से अलग हैं, ऐसा महसूस नहीं होने देंगें।"

## मध्य प्रदेश के बाघों को दूसरे राज्यों में भेजने से रोकें, एनटीसीए से तत्काल दखल की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के वन्यजीवों को अन्य राज्यों में भेजने की प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने इस मुद्दे पर राज्य के वन विभाग और एनटीसीए को पत्र लिखकर बाघों को ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ भेजने की कार्यवाही को रोकने की मांग की है। उन्होंने बाघों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

शिकायत में एनटीसीए के निर्देशों पर ओडिशा में बाघों को भेजने से पहले वहां की सुरक्षा व्यवस्था और कानूनी प्रावधानों की समीक्षा करने की मांग की। यह भी उल्लेख किया कि पिछले साल ओडिशा के सिमलीपाल टाइगर रिजर्व में एक बाघ का शिकार हुआ था, जिसे लेकर चिंता जताई गई थी। इसके अलावा, 2018 में सतकोशिया टाइगर रिजर्व में भी एक बाघ का शिकार हुआ था, जो मध्य प्रदेश से भेजे गए थे।

संजय धुबरी टाइगर रिजर्व से मादा बाघिन को ओडिशा भेजने की प्रक्रिया पर भी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में बाघों की संख्या बहुत कम है और वहां शिकार की स्थिति असुरक्षित है, इसलिए बाघों को वहां भेजना खतरनाक हो सकता है। इसके अलावा भोपाल सर्किल में रातापानी के बाघों में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हैं। बाघों में fibroma नामक बीमारी फैल रही है और एक बाघ की मौत भी हो चुकी है।

'सॉरी भाभी, मैं अब ऐसे नहीं रह सकती'

# पति के मोबाइल में देखा कुछ ऐसा और लिया दर्दनाक फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। करीब 9 दिन पहले शहर में एक नवविवाहिता की कुएं में गिरने से मौत हो गई थी। पुलिस ने अब इस मामले का खुलासा कर दिया है। इसके साथ ही नवविवाहिता की मौत के लिए उसके पति, सास तथा ननद को जिम्मेदार ठहराया है। तीनों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पीहर पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।**



जानकारी अनुसार नवविवाहिता की मौत की गुत्थी को रतलाम पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस को जांच में पता चला कि नवविवाहिता से ससुराल वाले दहेज मांग रहे थे। इसलिए वह प्रताड़ित थी। इसके अलावा राधिका पति केशव सांखला ने अपने पति केशव के मोबाइल पर अन्य महिला के साथ चैटिंग देखी थी जिससे वह दुखी थी। राधिका का पति लगातार उसे चीट कर रहा था। कुछ भी कहने पर राधिका को पीटता था। पति की प्रताड़ना से तंग आकर राधिका ने मौत को गले लगाना ही सही समझा। मरने से पहले राधिका ने अपनी भाभी को वॉट्सऐप मैसेज किया था। मैसेज में राधिका ने लिखा था कि 'सॉरी भाभी, मैं अब और ऐसे नहीं रह सकती, इन सब से परेशान हो गई हूं'। पुलिस ने राधिका के पति, सास व ननद पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 10 जनवरी सुबह शहर के माली कुआं क्षेत्र में श्री राम मंदिर तथा महावीर व्यायाम शाला परिसर के बीच बने पुराने कुएं में गिरने से राधिका की मौत हुई थी। शव को कुएं से निकाल कर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने राधिका को मृत घोषित कर दिया था।

## तेलंगाना से झांसी जा रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार, तीन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत इटौरी मोड़ पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। जहां तेज रफ्तार कार अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दो गंभीर घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उनकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।

पता चला है कि परिवार कर सवार तेलंगाना से UP झांसी में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे और बीच रास्ते में ही यह भीषण हादसा हो गया। अमानगंज थाना क्षेत्र के इटौरी मोड़ के पास की घटना है। पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस थोटा ने बताया कि इस समय कोहरा अधिक हो रहा है, विजिविलिटि न के बराबर रह गई थी। इसलिए हादसे हो रहे हैं। आज हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।

## दो एएसआई का आदतन अपराधियों के साथ केक काटते हुए वीडियो वायरल, एसपी ने किया लाइन अटैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर।** मंदसौर के नई आबादी थाने पर पदस्थ कार्यवाहक एएसआई सुनील सिंह तोमर तथा जगदीश ठाकुर का रविवार शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दोनों पुलिसकर्मी आदतन अपराधियों के साथ जन्मदिन का केक काटते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में आदतन अपराधी पप्पू दायमा तथा एक नीमच जिले का हवाई पट्टी क्षेत्र निवासी अर्जुन गुर्जर एएसआई सुनील सिंह तोमर को केक खिला रहे है। वीडियो कब का है, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन वीडियो पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने एक आदेश जारी कर दोनों एएसआई को निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच कर दिया है।

### आदतन अपराधियों पर कई केस दर्ज

मंदसौर के वायडी नगर थाने पर आदतन अपराधी पप्पू दायमा पर मारपीट, शराब तस्करी सहित कई मामले दर्ज है। तो वहीं नीमच के हवाई पट्टी निवासी अर्जुन गुर्जर पर भी लड़ाई-झगड़े और मर्डर सहित अन्य केस दर्ज है। हाल ही में अर्जुन गुर्जर एक तांत्रिक की हत्या में सजा काट कर बेल पर बाहर आया है।



### पुलिस अधीक्षक ने ये आदेश किया जारी

पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित करने का आदेश जारी करते हुए लिखा कि थाना नई आबादी पर पदस्थ कार्य० सउनि जगदीश ठाकुर एवं कार्य० सउनि सुनील तोमर का थाना वाय. डी. नगर क्षेत्र के आदतन अपराधी पप्पू दायमा नि० डोडियामीणा के साथ जन्मदिन का केक काटते हुए वीडियो सोशल मीडिया व्हाट्सएप पर वायरल हुआ है। उक्त आदतन अपराधी पप्पू दायमा के विरुद्ध कई गंभीर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होना ज्ञात हुआ है। उपरोक्तानुसार वायरल वीडियो एवं खबर के अवलोकन प्रथम दृष्टया उक्त दोनों कार्मिकों द्वारा गंभीर कदाचरण किया जाना परिलक्षित होने से कार्य० सउनि जगदीश ठाकुर एवं कार्य० सउनि सुनील तोमर थाना नई आबादी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर रक्षित केन्द्र मंदसौर संबद्ध किया जाता है।

## कमरे में मिले मां-बेटे के शव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवक और उसकी मां का शव कमरे में मिला है। युवक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि हम मां-बेटे अपनी मर्जी से सुसाइड कर रहे हैं। हमारी मौत के बाद किसी को परेशान नहीं किया जाए। मामला गौसपुर नंबर 1 में शनिवार देर रात का है। मनीष राजपूत (33) ने सल्फास खाकर अपनी जान दे दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को युवक के भाई ने बताया था कि वह बेरोजगारी और शादी नहीं होने से परेशान था। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां की भी सदमे में मौत हो गई। मनीष के भाई अनिल राजपूत ने दावा किया था मेरे भाई ने साफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी। वह जॉब की तलाश में था। लेकिन, जॉब नहीं मिलने से वह डिप्रेशन में था। शनिवार देर रात उसने जहर खा लिया। हमें पता चला तो तुरंत मौके पर पहुंचे। कमरे की कुंडी तोड़कर अंदर गए। भाई को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से डॉक्टरों ने उसे जयारोग्य अस्पताल रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# संपादकीय

## राहुल गांधी के नेतृत्व में व्हाइट शर्ट कैंपेन

लोकसभा में विपक्ष के सांसद राहुल गांधी ने बीते दिनों लगातार कामगारों के बीच खुद की मौजूदगी दिखाने और उनकी समस्याओं को सुनने की कोशिश की है। ऐसे में दिल्ली चुनाव से पहले कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में इस तबके से जुड़े कैंपेन की शुरुआत की है। पार्टी का दावा है कि इस कैंपेन के जरिए विभिन्न सेक्टर में काम कर रहे श्रमिकों को एकजुट किया जाएगा। जिससे कि इस वर्ग को न्याय और अधिकार मिल सके। पार्टी के मुताबिक आर्थिक असमानता और सामाजिक न्याय के मकसद के लिए इस कैंपेन को शुरू किया जा रहा है, जिसे #WhiteTshirtMovement का नाम दिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कैंपेन की जानकारी देते हुए राहुल गांधी ने लिखा है कि, 'मोदी सरकार ने गरीब और मेहनतकश वर्ग से मुंह मोड़ लिया है और पूरी तरह उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया है।' उन्होंने कहा कि कि सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ गिने चुने पूंजीपतियों को ही और समृद्ध करने पर है। इस वजह से असमानता बढ़ती जा रही है और खून पसीने से देश को सींचने वाले श्रमिकों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। राहुल ने इस तबके से इस मूवमेंट से जुड़ने की अपील की है और इसके बारे में जानकारी भी दी है। राहुल गांधी ने इस मुहिम से जुड़ने के लिए एक वेबसाइट और मिस्ड कॉल नंबर भी जारी किया है, जो भी शख्स इस आंदोलन का हिस्सा बनना चाहता है, वह इस वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकता है या दिए गए नंबर पर मिस्ड कॉल कर सकता है। इस पोस्ट पर दिए लिंक से जो जानकारी सामने आती है, उसके मुताबिक पार्टी इस कैंपेन को एक अग्रणी न्याय आंदोलन कह कर ब्रांड कर रही है। इसे एक ऐसे प्लेटफॉर्म की तरह प्रोजेक्ट किया जा रहा है जो विभिन्न क्षेत्रों के श्रमिकों को एकजुट करेगा। पार्टी का कहना है कि जो युवा आर्थिक असमानता, सोशल जस्टिस और धार्मिक भेदभाव के खिलाफ हैं, वो साथ आए और ये व्हाइट टी शर्ट पहन कर आंदोलन से जुड़ें। पार्टी का कहना है कि मौजूदा सरकार के क्रोनी कैपिटलिज्म की ओर झुकाव ने कंपनियों को काफी हद तक अनियमित बना दिया है। सही नियमों और फ्रेमवर्क के अभाव में श्रमिकों के हालात सुधारने की कोई जगह नहीं बचती। इसके साथ साथ गिग कार्यकर्ताओं की आवाज की अनदेखी की जाती है। ऐसे में सार्थक बदलाव के लिए राजनीतिक लामबंदी जरूरी है।

### अर्ज़ किया है..!

*गुनह-गारों में शामिल हैं*
*गुनाहों से नहीं वाक़िफ़*
*सज़ा को जानते हैं हम*
*ख़ुदा जाने ख़ता क्या है*

-चकबस्त बृज नारायण

## OSHO कहिन

**"ध्यान वह कला है जो आपको इस क्षण में जागृत करता है, ध्यानपूर्ण जीवन ही असली जीवन है।"**



### सैर सपाटा

# महाकुंभ जाएं तो प्रयागराज से 50 किमी की दूरी में बने इन टूरिस्ट प्लेस को कर लें एक्सप्लोर



महाकुंभ में स्नान के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। 144 साल बाद बने अद्भुत संयोग में त्रिवेणी संगम पर स्नान के लिए जा रहे हैं तो प्रयागराज के साथ ही आसपास के जिलों में बने टूरिस्ट प्लेस को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। प्रयागराज से मात्र 50 किमी की दूरी में ही कई सारे मंदिर और टूरिस्ट स्पॉट बने हैं। जिन्हें एक बार जरूर देख लें। जानें कौन से टूरिस्ट प्लेस प्रयागराज यानी इलाहाबाद से 50 किमी दूरी में बने हैं।

### कृपालु धाम, मनगढ़, कुंडा

प्रयाजराज से 56.5 किमी की दूरी पर मनगढ़ है। जो जगद्गुरु कृपालु जी महाराज की जन्मस्थली पर बना भव्य मंदिर है। राधा कृष्ण के इस मंदिर के दर्शन एक बार जरूर करें। इस भव्य मंदिर को भक्ति धाम के नाम से भी जानते हैं। पूरा मंदिर परिसर बहुत ही सुंदर और अट्रैक्टिव है। जहां आपको खाने-पीने की सुविधा भी बड़े आराम से मिल जाएगी।

### श्रृंग्वेरपुर धाम

प्रयागराज से 35 किमी की दूरी पर श्रृंग्वेरपुर धाम बना है। मान्यता है कि ये निषादराज का राज्य था और माता सीता के साथ राम और लक्ष्मण जब वन के लिए जा रहे थे तो एक रात यहां पर बिताए थे। यहां पर मान्यतानुसार वो घाट भी बना है जहां से राम-सीता और लक्ष्मण ने गंगा नदी को पार किया था। तो प्रयागराज जा रहे तो इस धार्मिक जगह के भी दर्शन जरूर करें।

### सीता समाहित स्थल,सीतामढ़ी

प्रयागराज से 56 किमी की दूरी पर सीता समाहित स्थल बना है। गंगा नदीं के किनारे पर बने इस भव्य मंदिर में भी टूरिस्ट खूब आते हैं। प्रयागराज से वाराणसी जाने के रास्ते में गोपीगंज के पास से इस मंदिर तक जाने का रास्ता है।

### कौशांबी

प्रयागराज से सटा कौशांबी जिला है। जो गौतम बुद्ध की नगरी मानी जाती है। यहां पर अशोक स्तंभ और बौद्ध स्तूप बने हैं। इस जगह को भी एक बार जरूर एक्सप्लोर किया जा सकता है।

## Uttarpradesh

# 'बाहर से किसी ने आग फेंकी', महाकुंभ अग्निकांड को लेकर गीता प्रेस के ट्रस्टी ने किया दावा

**प्रयागराज, (एजेंसी)** प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार को भीषण आग लग गई. यह आग सेक्टर-19 में अखिल भारतीय धर्म संघ गीता प्रेस गोरखपुर के कैंप में लगी और यहां से चारों ओर फैल गई. गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई. हालांकि आग से कई टेंट और उनमें रखा सामान जलकर खाक हो गए. आग लगने का सही कारण फिलहाल सामने नहीं आया है. इस बीच गीता प्रेस के ट्रस्टी ने दावा किया है कि बाहर से अग्नि की कोई चीज फेंकी गई थी जिससे शिविर में आग लग गई.

गीता प्रेस के ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमकर ने बताया, 'ये शिविर अखिल भारतीय धर्म संघ और गीता प्रेस ने संयुक्त



रूप से लगाए हैं. लगभग 180 कैंप लगे हुए थे. हम बहुत सावधानी बनाए हुए हैं और सभी को मना किया गया है कि अग्नि से संबंधित किसी प्रकार का कोई काम न करें.'

उन्होंने बताया, 'जहां हमने बाउंड्री लगाई है, पश्चिम की ओर, उस तरफ सर्कुलेटिंग एरिया घोषित किया गया था जहां लोग गंगा नहाएंगे. उस तरफ से अग्नि की कोई चीज हमारी तरफ आई और फिर चिंगारी ने धीरे-धीरे बड़ी आग का रूप ले लिया और हमारे सारे कैंप खत्म हो गए. कुछ भी नहीं बचा. भगवान की कृपा से कोई जनहानि नहीं हुई. करोड़ों का माल खत्म हो गया.' सिलेंडर फटने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'हमारी रसोई टिन शेड की थी. हमने पूरी सावधानी बरती.' दरअसल शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पहले एक सिलेंडर में आग लगी और इसके बाद यह फैल गई.

## Keral

# Insta दोस्त ने शुरू किया रेप का सिलसिला, फिर दर्जनों ने लूटी इज्जत

### केरल में अब तक 57 अरेस्ट

**पथनमथिट्टा, (एजेंसी)** केरल के पथनमथिट्टा जिले में दलित लड़की के कथित यौन शोषण के मामले में कुल 59 आरोपियों में से 57 को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। फिलहाल, देश से बाहर मौजूद 2 आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं।

जिला पुलिस प्रमुख वी. जी. विनोद कुमार ने बताया कि इस संबंध में पहला मामला 10 जनवरी को इलावुमथिट्टा पुलिस थाने में दर्ज किया गया था तथा दो आरोपियों को छोड़कर सभी नामजद आरोपियों को व्यापक जांच के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन दो आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है वे फिलहाल देश में नहीं हैं।

अधिकारी ने यहां एक बयान में कहा कि गिरफ्तार किया गया अंतिम आरोपी 25 वर्षीय युवक है, जिसे रविवार सुबह उसके घर के पास से पकड़ा गया। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की महिला अधिकारी एस. अजिता बेगम के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल जिला पुलिस प्रमुख की देखरेख में मामले की जांच कर रहा है।

अधिकारी ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर जिले के चार पुलिस थानों में कुल 30 मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपियों में पांच नाबालिग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम का उद्देश्य जांच पूरी कर जल्द से जल्द आरोप पत्र प्रस्तुत करना है।

पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि कई आरोपियों ने लड़की से पथनमथिट्टा के एक निजी बस अड्डे पर मुलाकात की थी। इसके बाद उसे वाहनों में अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया और उसका उत्पीड़न किया गया।

## Uttarpradesh

# टीन शेड डाली, कालीन बिछाया और पढ़ने लगे नमाज..., सामने आया बरेली में बनी अवैध मस्जिद का वीडियो

**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बरेली के थाना बहेड़ी क्षेत्र में टीन शेड डालकर एक मस्जिद के अवैध निर्माण का मामला सामने आया है. यहां शुक्रवार को बकायदा जुम्मे की नमाज पढ़ी गई. सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो सामने आने के बाद हलचल मची.

वीडियो में साफ दिख रहा है की टीन के नीचे कई दर्जन लोग एक साथ जुम्मे की नमाज पढ़ रहे हैं. इस पूरे मामले में हिंदू संगठन के ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई जिसके बाद पुलिस ने मामला संज्ञान में लिया और मुकदमा दर्ज कर लिया है. फिलहाल इस वीडियो के सामने आने के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है.

बताया जा रहा है कि गांव में 200 गज जमीन पर पहले अवैध रूप से टीन शेड डाला गया और फिर उसे मस्जिद का रूप दे दिया गया. इस पूरे मामले में हिंदू जागरण मंच के युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष हिमांशु पटेल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से पुलिस को शिकायत दी. जानकारी मिलते ही खुफिया विभाग भी अलर्ट हो गया. इस पूरे मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है.

## Bihar

# PNB में सेंधमारी की कोशिश नाकाम, बैंक की दीवार के बगल में 5 फीट गड्ढा खोद चुके थे चोर

**दरभंगा, (एजेंसी)** ठण्ड के मौसम में घने कोहरे के बीच इन दिनों दरभंगा में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रहे हैं. चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि घर तो घर अब इनके निशाने पर बैंक भी आ गए हैं. हालांकि ताजा मामले में चोर बैंक में चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे पाए लेकिन प्रयास पूरा था.

दरअसल, पूरा मामला दरभंगा के पतोर थाना इलाके के आनंदपुर सहोरा इलाके का है जहां इलाके के पंजाब नेशनल बैंक में चोरी की नियत से चोरों ने सेंधमारी का प्रयास किया. चोरों ने बैंक की दीवार से सटी जमीन में करीब चार से पांच फ़ीट तक की खुदाई कर दी लेकिन अंदर नहीं घुस सके. चोर अपने मिशन में कामयाब होते इससे पहले गस्त कर रही पुलिस जीप की आहट से चोर वहां से भाग निकले. हालांकि जीप पर सवार पुलिस



वालों को रात में इस घटना का कोइ आभास भी नहीं हुआ लेकिन चोर डर से भाग निकले थे. जब अगली सुबह हुई तब लोगों ने बैंक दीवार के करीब जमीन में बड़ा गड्ढा देखा तो उनके होश उड़ गए. उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू. तब एक CCTV फुटेज में चोरों की पूरी करतूत दिखाई दी.

## खेल

# विक्टर एक्सेलसेन बने इंडिया ओपन में पुरुष एकल के विजेता, महिलाओं में आन से यंग ने मारी बाजी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले विक्टर एक्सेलसेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीत लिया। एक्सेलसेन इससे पहले 2017 और 2019 में भी यहां चैंपियन रह चुके हैं। वहीं, महिलाओं में आन से यंग ने बाजी मारी और एकतरफा फाइनल में महिला एकल वर्ग का खिताब जीतने में सफल रहीं।

### एक्सेलसेन ने ली चेउक को हराया

एक्सेलसेन ने पुरुष एकल में पिछले साल के उपविजेता हांगकांग के ली चेउक यियू को 21-16, 21-8 से हराया। दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 के शुरुआती दौर में इस प्रतिद्वंद्वी से मिली शिकस्त की निराशा को पीछे छोड़ दिया।



पिछले सत्र के उपविजता ली लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के बावजूद खिताब जीतने का सपना पूरा नहीं कर सके। हांगकांग ओपन 2019 के इस चैंपियन ने पहले गेम में 6-3 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन एक्सेलसेन ने वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली। ली ने इसके बाद संघर्ष करना जारी रखा लेकिन एक्सेलसेन की बराबरी नहीं कर सके।

एक्सेलसेन ने पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और ली का शॉट कोर्ट से बाहर जाने के साथ ही उन्होंने पहले गेम को जीत लिया। एक्सेलसेन ने दूसरे गेम में भी अपना दबदबा जारी रखा। उन्होंने लगातार नौ अंक जुटाते हुए 10-6 की बढ़त को 19-6 में बदलकर ली के आत्मविश्वास को तोड़ते हुए आसानी से इस गेम को जीता और मैच और खिताब जीत लिया।

### आन यंग ने पी चोचुवोंग को दी आसानी से मात

महिला एकल में आन से-यंग ने टूर्नामेंट में अपना प्रभावशाली खेल जारी रखते हुए पी चोचुवोंग को आसानी से 21-12, 21-9 से हरा दिया। गोह सेज फेई और नूर इजुद्दीन की मलेशिया की पुरुष जोड़ी ने खिताबी मुकाबले में किम वोन हो और सियो सेउंग जे की कोरियाई जोड़ी को 21-15,13-21, 21-16 से हराया । मलेशिया की इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पराजित किया था।

महिला युगल के फाइनल में जापान की अरिसा इगाराशी और अयाको सकुरामोतो ने दक्षिण कोरिया की किम हये जांग और कोंग ही यंग को 21-15, 21-13 से हराया। चीन के जियांग जेन बैंग और वेई या शिन की मिश्रित युगल जोड़ी ने थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू की जोड़ी को 21-18, 21-17 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

## सिनेमा

# उर्फी जावेद शिव मंदिर की 400 सीढ़ियां चढ़कर दर्शन करने पहुंचीं, फैंस बोले- इसीलिए इन्हें सब पसंद करते हैं



उर्फी जावेद अपने अतरंगी फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। कभी उनके डिजाइन किए हुए कपड़ों के कारण उनकी खूब आलोचना होती थी, लेकिन धीरे-धीरे फैंस उन्हें पसंद करने लगे। उर्फी ने भी कई ऐसी ड्रेसेस बनाईं, जिसने सबके होश उड़ा दिए। खैर। उर्फी पर्सनल लाइफ और अपने बयानों के कारण भी खूब चर्चा में रहती हैं। वो इस्लाम धर्म पर कई बार काफी कुछ कह चुकी हैं। फिलहाल उन्हें शिव मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेते हुए देखा गया। दर्शन करने के लिए उर्फी ने मंदिर की 400 सीढ़ियां भी चढ़ीं। उनके फोटोज और वीडियोज छाए हुए हैं। Urfi Javed का पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वो नीले रंग के कुर्ते में नजर आ रही हैं। उनका ये भारतीय लुक भी फैंस को भा रहा है। उर्फी का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो मंदिर की सीढ़ियां चढ़ती दिख रही हैं। इसके बाद उन्होंने मंदिर के दर्शन किए। भगवान के सामने हाथ जोड़े और हवन कुंड में भी अर्पण किया।

## Highlights

1. **Drunk husband's abuse drives wife to suicide in Bengaluru**
2. **Assault at restaurant over petty argument; suspect on the run**
3. **KSRTC to introduce electric buses between Mangaluru & Udupi**
4. **Obama wishes Michelle on her birthday amid divorce rumours**
5. **BJP criticizes Bengaluru palace grounds takeover**

# Keen to have manufacturing in India, visa issue not affecting operations: BYD

**NEW DEIHI, (Agency).** China's electric vehicle major BYD is keen to have manufacturing operations in India as soon as 'all factors' suggest a 'go ahead' and the plan is under constant evaluation, according to a top official of the company's Indian arm.

Despite the political tension between India and China resulting in visa issues, the company has not felt any impact of it on its operations in the country and has also found acceptance of its products from the 'pragmatic' Indian customers, BYD India Head of Electric Passenger Vehicles (EPV) Business Rajeev Chauhan told PTI.

In an interaction on the




sidelines of the Auto Expo held as part of the Bharat Mobility Global Expo 2025, he said the company, which unveiled its premium electric SUV SEALION 7, will be considering the homologation route for more models to be able to sell more vehicles in India.

"These kinds of plans, manufacturing plans are constant evaluation which we are doing...We are keen, we would love to do that as soon as all factors suggest that go ahead you don't have any limitations about that," Chauhan said when asked about BYD's manufacturing plans in India.

In 2023, BYD's plans to set up an EV and battery manufacturing plant in India at an investment of USD 1 billion Hyderabad-based Megha Engineering and Infrastructures Ltd was not approved by the Indian government.

# US sanctions on Venezuela: Debate continues over oil export permits

**Mumbai, (Agency).** Things seemed to be looking up for Venezuela in 2022. Following years of authoritarian rule and withering economic sanctions, President Nicolás Maduro had agreed to work toward a democratic presidential election. The White House, in return, granted him a financial lifeline: a permit for US energy giant Chevron to pump and export Venezuelan oil.

Oil wells roared back to life and massive tanker ships returned to Venezuela's coast to be filled with heavy, hard-to-refine crude destined for the US.Maduro's promised



election was neither fair nor free, and the longtime president was sworn in this month for a third six-year term despite credible evidence that his opponent got more votes. Yet, the sanctions reprieve the US offered "to support the restoration of democracy" is still helping fill state coffers.

Venezuela's opposition says Maduro's government has earned billions of dollars from exports allowed by the permit.

The White House has ignored calls from the main opposition coalition, as well as Republicans and Democrats in the US Congress, to cancel a permit that now accounts for around a quarter of the South American country's oil production.

Senior administration officials have struggled to explain why the permit has been left in place under questioning by reporters, saying only that sanctions policy toward Venezuela is frequently reviewed. President Joe Biden told reporters last week he "didn't have enough data" to adjust oil-related sanctions before he leaves office Monday.

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर

## युवक की हालत गंभीर, ड्राइवर मौके से फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के विजयनगर चौराहे पर सोमवार सुबह एक हादसा हो गया। एक डंपर ने बाइक सवार को करीब 15 फीट तक घसीट दिया। इस दौरान राहगीरों ने डंपर को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया।सड़क पर पड़े घायल बाइक सवार को प्राइवेट अस्पताल भर्ती कराया गया है।**



विजयनगर पुलिस के अनुसार, हादसा रेडिसन चौराहे पर हुआ। बाइक (नंबर MP09XH2256) का चालक सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार डंपर (नंबर RJ09GE7176) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद डंपर का ड्राइवर गाड़ी रोकने के बजाय बाइक को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। इस दौरान बाइक सवार डंपर के आगे फंस गया और 15 फीट तक घसीटता चला गया।

डंपर का ड्राइवर कुछ दूर जाकर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया। घायल के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है और फरार ड्राइवर की तलाश जारी है।

# मध्यप्रदेश शासन लिखी स्कॉर्पियो में मांस पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के अन्नपूर्णा इलाके में रविवार सुबह हिंदूवादियों ने एक स्कॉर्पियो को पकड़ा, जिसमें मवेशी का मांस भरा हुआ था। यह गाड़ी मध्यप्रदेश शासन के नाम से थी। गाड़ी के ड्रायवर को पकड़कर आक्रोशित लोगों ने पिटाई की और फिर उसे अन्नपूर्णा पुलिस के हवाले कर दिया।

विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी तन्नू शर्मा मुताबिक, विभाग के जिला संयोजक शुभम ठाकुर को सूचना मिली थी कि स्कॉर्पियो में मांस तस्करी हो रही है। कार्यकर्ताओं ने गाड़ी को रेलवे क्रॉसिंग पर रोकने के लिए कहा, लेकिन ड्रायवर भागने लगा। इस पर कुछ लोगों ने गाड़ी पर पथराव किया। जब गाड़ी रुकी, तो अंदर मांस पाया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ड्रायवर की पिटाई की और उसे पुलिस के सुपुर्द किया। बाद में हिंदूवादी संगठन के लोग थाने पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया और इस मामले में पूछताछ जारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक